खण्ड-2 संख्या-14

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## ( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

सत्यमेव जयते

**दिनांक शुक्रवार 16 जून, 1995 ई०**

**डा० महावीर प्रसाद :** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सा पदाधिकारी का अलग से पद सृजित नहीं है। हसनपुर प्रा० स्वा० केन्द्र में एक महिला चिकित्सक पदाधिकारी पदस्थापित है।

## एक्सरे फिल्म की आपूर्त्ति

***997. श्री राम लखन महतो :** क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल में एक्स–रे– फिल्म नहीं रहने के कारण एक्स–रे का काम ठप है,

   यदि हां तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में एक्से–रे फिल्म आपूर्त्ति कराने पर विचार रखती है?

**डा० महावीर प्रसाद :** 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

निधि उपलब्ध होने पर ही एक्स –रे फिल्म की आपूर्त्ति संभव होगी ।

## अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद

***1008. श्री धर्मपाल सिंह :** क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि विभाग में 9 चिकित्सा अस्पतालों सहित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान है, जिसमें एक भी अत्याधुनिक मशीनें विगत 15 वर्षों से नहीं है;
2. क्या यह बात सही हैं कि एम0 आर0 आई0 होल